तिथि : 05.09.2024

प्रेस प्रकाशनी

सीबीएसई ने राजस्थान और दिल्ली के 27 स्कूलों मेंऔचक निरीक्षण किया

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राजस्थान और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली में 27 संबद्ध स्कूलों में औचक निरीक्षण किया, जहाँ बड़े पैमाने पर अनियमितताएँ सामने आई हैं। इन निरीक्षणों का उद्देश्य बोर्ड की संबद्धता उप-विधियों के अनुपालन का आकलन करना था और यह सुनिश्चित करना था कि विद्यालयों द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

निरीक्षण किए गए अधिकांश विद्यालयों में यह पाया गया कि उन्होंने अपने वास्तविक उपस्थिति रिकॉर्ड से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन किया हुआ था, जहाँ प्रभावी रूप से "डमी" नामांकन हुए। इसके अतिरिक्त, अनेक विद्यालय बोर्ड के अवसंरचना संबंधी मानकों का भी उल्लंघन करते पाए गए।

सीबीएसई ने इन गंभीर उल्लंघनों का संज्ञान लिया है और चूककर्ता स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में है। जो स्कूल इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने पर भी ध्यानपूर्वक विचार किया जा रहा है।

सीबीएसई शिक्षा के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने विनियमों के किसी भी उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई/उपाय करना जारी रखेगा।

हस्ता/-

सचिव